SHRIMATI JEBI MATHER HISHAM (Kerala): Sir, I too associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Shri Vanlalvena, you could submit it again because you were not reading from the text that you have submitted. Now, Shri Ghanshyam Tiwari.

## Acute water scarcity in Shekhawati area of Rajasthan

**श्री घनश्याम तिवाड़ी** (राजस्थान) : महोदय, शेखावटी क्षेत्र देश में वीरों, भक्तों, उद्यमियों, किसान आंदोलन व शिक्षा के लिए जाना जाता है। आज़ादी के बाद जितने भी युद्ध हुए हैं, उनमें शेखावटी के जवानों ने अपनी शहादत देकर देश की रक्षा की। इसी शेखावटी क्षेत्र के औद्योगिक घरानों ने औद्योगिक क्रांति के लिए कार्य किया। इसी शेखावटी क्षेत्र के भामाशाहों ने शिक्षा की अलख जगाई। आज़ादी के बाद आम जन ने भागीदार बनकर, संपूर्ण साक्षरता वाले शिक्षित जिलों व किसानों ने नवाचार अपनाकर श्वेत क्रांति और हरित क्रांति में अमूल्य योगदान दिया। इसी प्रकार, साधु-संतों ने इस क्षेत्र को भक्ति का केन्द्र बनाया है। प्रवासी राजस्थानियों ने देश-दुनिया में कार्य करके विदेशी मुद्रा अर्जित की है, परन्तु अब यही शेखावटी क्षेत्र गिरते जल-स्तर के कारण पीने और सिंचाई योग्य पानी की घोर कमी से अत्यंत ग्रस्त है। वर्तमान में राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में चम्बल व राजस्थान कैनाल से सिंचाई की जा रही है। वहाँ पूर्वी राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट भी है, लेकिन शेखावटी के सीकर और झुंझुनू में पेयजल व सिंचाई योग्य पानी की किल्लत हो गई है। कुछ वर्ष पूर्व केन्द्रीय जल आयोग ने शेखावटी क्षेत्र के लिए गंगा व यमुना नदी के फ्लड वॉटर से पानी देने की संभावना व्यक्त की थी, जिस पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिसके कारण शेखावटी क्षेत्र में पानी की समस्या आज भी बनी हुई है।

अतः आपके माध्यम से मेरा निवेदन है कि वीरों, भामाशाहों और उद्योगपतियों की इस धरा शेखावटी में पानी की समस्या के समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाए जाएँ।

DR. AMAR PATNAIK (Odisha): Sir, I associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.

DR. SASMIT PATRA (Odisha): Sir, I too associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.

SHRI ABIR RANJAN BISWAS (West Bengal): Sir, I too associate myself with the Special Mention made by the hon. Member.